# राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन
(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
प्रथम तल, दि इन्सटीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स बिल्डिंग
अपोजिट आई0एस0बी0टी0, देहरादून–248171 उत्तराखण्ड

फोन : 0135-2643727
फैक्स : 0135-2644050
ई.मेल : swsm.uttarakhand@gmail.com


पत्र संख्या : 639/AA-61/W-549/2019-20    दिनांक : 13 नवम्बर , 2019

(वैबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु)

## प्रतिनियुक्ति आधार पर
## मुख्य अभियन्ता की प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञापन

इस कार्यालय द्वारा विज्ञापन संख्या 577/W-549/2019-20 दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 के माध्यम से कार्यालय "राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून" में प्रतिनियुक्ति के आधार पर मुख्य अभियन्ता के पद वेतनमान रू0 37400–67000 (ग्रेड पे–8900) को भरे जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य के पेयजल सैक्टर में कार्यरत अभियन्ताओं से विभागीय अनापत्ति सहित आवेदन पत्र दिनांक 07 नवम्बर, 2019 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित किये गये थे। अपरिहार्य कारणों से आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर, 2019 अपरान्ह 03:00 बजे तक विस्तारित की जाती है। शेष–शर्तें यथावत रहेगी।

उक्त पद हेतु पात्रता इस प्रकार हैः– मुख्य अभियन्ता स्तर के अधिकारी अथवा अधीक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत, प्रस्तावित वेतनमान से एक क्रम नीचे के अनुभवी अधिकारी।

आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में टंकित करते हुये प्रेषित करें।

(1) आवेदित पद का नाम (2) अभ्यर्थी का नाम (3) जन्म तिथि (4) पिता/माता का नाम (5) पैतृक विभाग का नाम एवं पत्र व्यवहार हेतु पूर्ण पता (6) कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहॉ वर्तमान में कार्यरत हैं (7) वर्तमान में धारित पद का नाम (8) वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि (9) फोन (10) ई–मेल

उपरोक्त आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी के पॉच वर्षों की चरित्र पंजिका की प्रमाणित प्रतियॉ भी उपलब्ध करायी जानी है, साथ ही यह भी प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि कार्यमुक्त अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक एवं विभागीय जॉच लम्बित नहीं है और न ही पूर्व में उन्हें कभी दण्डित किया गया है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी पात्रता उपरोक्त विवरण के अनुसार संतोषजनक पायी जायेगी, उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चयनित करने पर विचार किया जायेगा।

संयुक्त मुख्य अधिशासी अधिकारी